बड़े उद्योगों को

● राज्य के आर्थिक संसाधनों में वृद्धि की जाय: सीएम
● राज्य स्तरीय पर्यावरण मूल्यांकन प्राधिकरण को मिलेगा वैधानिक दर्जा
● एकीकृत पर्वतीय औद्योगिक नीति के तहत अनुदान के लिए 4.5 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत

देहरादून। बड़े उद्योगों के लिए राज्य सरकार अलग से मेगा इंडस्ट्रीज की योजना तैयार करेगी। राज्य स्तरीय पर्यावरण मूल्यांकन प्राधिकरण को वैधानिक दर्जा दिया जायेगा। खनन के लिए अलग से निदेशालय बनाया जायेगा। लघु एवं सूक्ष्म उद्योग के लिए अलग से विभाग गठित किया जायेगा। खादी में अब तक दी जाने वाली सब्सिडी की सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जायेगी। यह निर्णय मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने मुख्यमंत्री आवास पर उद्योग एवं लघु उद्योग विभागों की समीक्षा के दौरान लिये।

मुख्यमंत्री श्री बहुगुणा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए वचनबद्ध है। इसके लिए राज्य सरकार शीघ्र ही मेगा इंडस्ट्रीज नाम से कार्ययोजना तैयार कर लागू करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में देश-विदेश के उद्योगपति निवेश के लिए आकर्षित हो, इसके लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाय। उन्होंने कहा कि सिडकुल फेज-2 सितारगंज के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, जिसका कंसल्टेंट का कार्य एन.पी.सी.सी. द्वारा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सितारगंज को ऑटोहब के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि काशीपुर में 200 हेक्टेयर में आई.आई.एम. की स्थापना की जा रही है। इसके अतरिक्त सरकार 250 हेक्टेयर में अन्य शिक्षण गतिविधियों को विकसित करेंगी, ताकि काशीपुर को नालेज हब के रूप में विकसित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सिंघल विंडो सिस्टम को पूरी तरह से लागू किया जाय। उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर समाधान किया जाय। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय पर्यावरण मूल्यांकन प्राधिकरण को वैधानिक दर्जा दिया जायेगा, ताकि वह अधिक अधिकार सम्पन्न बन सके।

मुख्यमंत्री श्री बहुगुणा ने विशेष एकीकृत पर्वतीय औद्योगिक नीति के तहत अनुदान के लिए 4.5 करोड़ रुपये की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री श्री बहुगुणा ने कहा कि राज्य के आर्थिक संसाधनों में वृद्धि की जाय, इसके लिए खानन निदेशालय का अलग से गठन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि खनन विभाग वैज्ञानिक ढंग से कार्य करे, ताकि पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और आय में भी वृद्धि हो।

दिन दहाड़े महिला को लूटा

देहरादून। डोईवाला क्षेत्र में सक्रिय बदमाशों ने राह चलती महिला को सरेराह लूट कर सनसनी फैला दी। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

जौलीग्रांट में दिन दहाड़े बदमाशों ने पुलिस व्यवस्थाओ को ताक पर रखते हुए महिला से पांच हजार रूपए एवं उसके कुंडल लूट लिए। पुलिस व्यवस्थाओं का आलम यह था कि सूचना के बावजूद भी पुलिस समय पर घटना स्थल पर नहीं पहुंची।

भानियावाला निवासी श्रीमती देवी बैंक से पांच हजार रूपए निकाल कर निकली थीं। स्कूल में बच्चे की फीस जमा करने के लिए उन्होंने बैंक से यह पैसे निकाले थे। अभी वह बैंक से निकल कर कुछ ही दूरी पर गयी थीं कि तभी पीछे से आते दो बाईक सवार लड़कों ने उनके बैग पर हाथ मारा और बैग छीनकर चंपत हो गए। महिल के हल्ला मचाने पर कुछ स्थानीय युवकों ने बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन तब तक दोनों बदमाश वहां से गायब हो चुके थे।

बताया जा रहा है कि पुलिस को इस घटना की सूचना देने के बावजूद भी पुलिसकर्मी समय पर नहीं पहुंचे। दिनदहाड़े हुई इस लूट से क्षेत्र सनसनी फैल गयी है। शिकायत के बावजूद पुलिस इस पूरे मामले में लीपापोती ही करने का प्रयास करती रही। डोईवाला पुलिस का कहना है कि महिला की जानकारी के आधर पर बदमाशों का स्कैच तैयार किया जाएगा।

गीता के उपदेशों में ही विधि विधान : महाराज

दिए श्री कृष्ण ने उपदेश, कराया आत्मा-परमात्मा का ज्ञान

देहरादून। अग्रवाल धर्मशाला सामिति डोईवाला द्वारा जन्माष्टमी के मौके पर आयोजित भागवत का आज तीसरा दिन है। वृदांवन से आए श्री यशोदानन्दन महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण ने धरती में अवतार के रूप में जन्म इसलिए लिया कि संसार से भी प्रकार के पापियों का नाश हो सके। उन्होंने कहा कि गीता में दिए गए उपदेश में कृष्ण ने आत्मा और परमात्मा के विषय में ज्ञान कराया।

उन्होंने कहा कि आत्मा परमात्मा का ही अंश है इसलिए आत्मा को सदैव पवित्र रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पवित्र आत्मा ही प्रभु की प्रिय होती है। इसलिए इन्सान को कोई पापकर्म कर आत्मा के किसी तरह का विकार नही उत्पन्न करना चाहिए। कथावाचक ने कहा कि प्रभु की लीला को कोई नही जान पाया। उन्होंने का कि पृथ्वी पर जीवन भी प्रभु की इच्छा निर्भर करता है।

उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर जीवन देने के लिए ईश्वर को सदैव उसकी पूजा अर्चना कर धन्यवाद देना चाहिए क्योंकिईश्वर ही दुनिया को चलाने वाला है।

देवभूमि महासभा ने किया प्रदर्शन

● नदी किनारे पुस्ता लगाने की मांग

देहरादून। दुलहनी नदी के किनारे बसे लोगों को बाढ़ से सुरक्षा प्रदान करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने देवभूमि महासभा के बैनर तले जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष प्रमोद कपरुवाण शास्त्री ने कहा कि दो वर्ष आई भारी आपदा से दुलहनी नदी के किनारे शिवपुरी कॉलोनी पूरी तरह से बाढ़ ग्रसित हो गई थी। जिससे ग्रामीणों के घर बह गए थे। उन्होंने कहा कि लगातार दो वर्षों से ग्रामीण जिला प्रशासन से पुस्ता लगाने की मांग कर रहे हैं, किंतु आज तक पुस्ते नहीं लग पाए। दो वर्ष पूर्व तत्कालीन कृषि मंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भी यहां का दौरा कर आश्वासन दिया था। जबकि केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री हरीश रावत ने भी ग्रामीणों को आश्वासन दिया था मगर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई।

अब पुनः बरसात शुरू हो गई है जिसके कारण यहां रहने वाले लोगों को दहशत में दिन-रात गुजारने पड़ रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर चेतावनी दी कि यदि 15 दिन के भीतर समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो देवभूमि महासभा जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में महेश गौतम, गीताराम जयसवाल, अनुराग कुकरेती, प्रमोद जोशी, मोहन तिवाड़ी, सुरेशानन्द ढोंडियाल, जगदीश ध्यानी, शांति रावत, पार्वती यादव, आशा देवी, सुनीता, रघुनाथ पांडे आदि मौजूद थे।

आपदा पीड़ितों के लिए एकत्र की धनराशि

● लोगों से लगाई मदद की गुहार
● उत्तरकाशी संकट अवस्थ [illegible]

देहरादून। अखिल भारतीय पंचायत परिषद की महामंत्री लक्ष्मी अग्रवाल ने अपने सहयोगियों की मदद से विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर उत्तरकाशी आपदा पीड़ितों के लिए धनराशि एकत्रित की।

लक्ष्मी अग्रवाल अपने सहयोगियों के संग स्थानीय गांधी पार्क पहुंच और वहां आने जाने वाले लोगों से आपदा पीड़ितों की मदद के लिए गुहार लगाई। इस मौके पर लक्ष्मी अग्रवाल ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को दलगत राजनीति से उपर उठकर आपदा पिड़ितों की मदद करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी प्रदेशवासियों को यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि वे आपदा राहत कोष में अपने स्तर से आर्थिक सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आपदा आने के कारण उत्तराकाशी के कई क्षेत्रों में खाद्यान [illegible] इलाका में लोगों [illegible] मरने की नौबत आ गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को चाहिए कि वो लोगों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने के लिए सरकारी मशनरी को पूरी तरह से झोंके और केन्द्र सरकार को भी चाहिए कि वे आपदा ग्रस्त क्षेत्र के लिए बड़ी राहत दें।

भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर निकाली रैली

देहरादून। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू ने भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ [illegible] लिया।

आंगनबाड़ी, आशा कार्यकत्री व चाय-बागान श्रमिक गुरुवार को बस स्टैंड स्थित सीटू कार्यालय पर एकत्रित हुए। वहां से कार्यकर्ता रैली निकालते हुए सचिवालय पहुंचे, पुलिस ने कार्यकर्ताओं को सचिवालय से पहले ही रोक दिया। रैली सीटू के प्रांतीय महामंत्री वीरेंद्र भंडारी व लेखराज के नेतृत्व में निकाली गई। [illegible] कार्यकर्ताओं का कहना [illegible] यू का न्यूनतम [illegible] किया जाए। [illegible] यों में श्रम कानूनों का कड़ाइ से पालन सुनिश्चित किया जाए। कार्यकर्ताओं का कहना था कि औद्योगिक इकाइयों में श्रम कानून का उल्लंघन किया जा रहा है। श्रमिकों से बारह-बारह घंटे काम लिया जा रहा है और उसका उन्हें अतिरिक्त मानदेय नहीं दिया जा रहा है।

अधिकारियों के दायित्वों में फेरबदल

देहरादून। शासन द्वारा जनहित में 10 आईएएस अधिकारियों के दायित्वों में फेरबदल किया गया है। इस दौरान कई अधिकारियों के कद को बढ़ाया गया है, जबकि कुछ के दायित्वो में कमी की गई है।

जानकारी के मुताबिक सचिव लघु उद्योग एवं खादी ग्रामोद्योग तथा कार्यकारी निदेशक, खादी एवं ग्रामोद्योग विनोद फोनिया को वर्तमान पदभार के साथ-साथ सचिव, ग्राम्य विकास का अतिरिक्त पदभार सौंपा गया है। सचिव ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज अरूण कुमार ढौंडियाल को सचिव, ग्राम्य विकास के पदभार से अवमुक्त किया गया है। शेष यथावत रहेंगे। सचिव सहकारिता, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं बायोटेक्नोलॉजी डॉ. पीएस गुसाईं को सचिव सहकारिता के पदभार से अवमुक्त किया गया है। शेष यथावत रहेंगे।

इसी तरह सचिव ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, पशुपालन, मत्स्य एवं अपर मुख्य राजस्व आयुक्त आरसी पाठक को वर्तमान पदभार के साथ साथ सचिव सहकारिता का अतिरिक्त पदभार सौंपा गया है। सचिव मुख्यमंत्री, राज्य सम्पत्ति, सूचना, प्रोटोकाल, अल्पसंख्यक कल्याण तथा प्रबन्ध निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण एमएच खान को वर्तमान पदभार के साथ साथ सचिव, समाज कल्याण तथा प्रबन्ध निदेशक बहुउद्देशीय वित्त विकास निगम का अतिरिक्त पदभार सौंपा गया है।

जानकारी अनुसार...

● फोनिया को वर्तमान पदभार के साथ-साथ सौंपा गया सचिव ग्राम्य विकास का पदभार
● ढौंडियाल को अवमुक्त किया गया सचिव ग्राम्य विकास के पद से
● गुसाईं को अवमुक्त किया सचिव सहकारिता के पद से

इसके अलावा प्रभारी सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, समाज कल्याण, आयुक्त, खाद्य तथा प्रबन्ध निदेशक बहुउद्देशीय वित्त विकास निगम सुबर्द्धन को प्रभारी सचिव, समाज कल्याण तथा प्रबन्ध निदेशक बहुउद्देशीय वित्त विकास निगम के पदभार से अवमुक्त करते हुए प्रभारी सचिव सिंचाई का अतिरिक्त पदभार सौंपा गया है।

अपर निदेशक उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी नैनीताल, अपर मुख्य राजस्व आयुक्त नैनीताल एवं प्रबन्ध निदेशक तराई बीज विकास निगम अवनेन्द्र सिंह नयाल को वर्तमान पदभर के साथ साथ गन्ना आयुक्त उत्तराखण्ड का अतिरिक्त पदभार सौंपा गया है।

अपर सचिव मुख्यमंत्री, महानिदेशक सूचना तथा आयुक्त आबकारी दिलीप जावलकर को वर्तमान पदभार के साथ साथ अपर सचिव आबकारी का अतिरिक्त पदभार सौंपा गया है।

राजधानी में नहीं थम रहा चोरी का सिलसिला

● दो चौपहिया वाहनों पर चोरों ने किया हाथ साफ

देहरादून। राजधानी में वाहन चोरों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के दावे हवाई साबित हो रहे हैं। जिसके चलते आए दिन वाहन चोरी के घटनाओं में बढ़ोत्तरी होती जा रही है। जिसके चलते पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। पछुवादून में चोरों ने अपना आतंक मचाते हुए दो चार पहिया वाहनों पर हाथ साफ कर दिया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमीवाला विकासनगर निवासी मालचंद की पत्नी शोभा अपनी विस्ता कार संख्या यूके 07 टीए-0109 से डाकपत्थर बाजार आई हुईं थीं। यहां उसने अपनी कार डाकपत्थर तिराहे पर खड़ी कर दी और खरीदारी करने चली गईं।

जब वह वापस लौट कर आईं तो देखा कि उनकी कार वहां नहीं थी। उन्होंने कार के बारे में आस-पास के लोगों से पूछताछ भी की लेकिन कोई भी कार के बारे में जानकारी नहीं दे पाया। जिसके बाद महिला ने पुलिस कंट्रोल रूम के 100 नंबर पर मामले की जानकारी दी। वहीं कार चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस अभी छानबीन में जुटी ही थी कि पता चला कि नई कॉलोनी डाकपत्थर से महिंद्र मैक्स संख्या एचआर 17बी-4668 के चोरी होने की सूचना ने पुलिस के होश उड़ा कर रख दिए। मैक्स चोरी होने की सूचना सतीश पुत्र खुशीराम निवासी हिमाचल प्रदेश हाल निवासी विकासनगर ने दी। पुलिस ने दोनों मामलों में चोरी का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

अमेरिकी गुरुद्वारे में शहीद, लोगों ने दी श्रद्धांजलि

देहरादून। अमेरिकी गुरुद्वारे में शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए आढ़त बाजार स्थित गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में शहीदों की आत्मा की शांति के लिए विशेष अरदास की गई।

गत दिवस अमेरिका के ओक क्रीक गुरुद्वारा साहिब में सिरे-फिरे अंग्रेज सैनिक की गोलियों से छह श्रद्धालु शहीद हो गए थे। गुरुद्वारे में शहीद हुए श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में गुरु सिंह सभा की प्रबंधक कार्यकारिणी एवं देहरादून के अन्य गुरुद्वारों के प्रबंधक और सिख श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में अमेरिकी गुरुद्वारे में शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए सामूहिक रूप से अरदास की गई।

कुछ हटके

सरकारी फरमानों के खेल में पिस रहे 'अरमान'

● वर्षों की सेवा के बावजूद राजकीय पॉलीटेक्नीकों के संविदा शिक्षकों का नियमितिकरण नहीं
● मसले पर मंत्रियों से संत्रियों तक सभी ने थमाया भरोसे का झुनझुना
● काबीना मंत्री की अध्यक्षता में गठित कमेटी की रिपोर्ट फाइलों में अटकी

मुख्य संवाददाता

देहरादून। सरकारी फरमानों के खेल में राजकीय पालीटेक्नीकों में कार्यरत संविदा शिक्षक पिस रहे हैं, लेकिन उन पर अभी तक सरकारी रहमत नहीं बरसी। बस जब भी इन्होनें सेवा विस्तार का हक हासिल करने को सत्ता की डयोढ़ी पर दस्तक दी तो मंत्रियों से लेकर संत्रियों तक ने उन्हें भरोसे का झुनझुना थमा कर टाल दिया।

गौरतलब है कि सूबाई सरकार के संविदा शिक्षकों के बाबत दोहरे फरमानों का दंश अब सूबे के राजकीय पॉलिटेक्नीकों में कार्यरत हजारों संविदा शिक्षकों के लिए बना नासूर बन चुका है। खास तो यह है कि वर्षों निरन्तर सेवा करने के बावजूद न तो सरकार ने इनके नियमितिकरण की दिशा में कोई सार्थक कमद उठाया और न ही सरकारी महाविद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षकों की भांति इन्हें सेवा विस्तार देने का ही फरमान जारी किया। खास तो यह है कि सुशासन का दावा करने वाली सूबाई सरकार के मुखिया विजय बहुगुणा व प्रमुख सचिव राकेश शर्मा खुद ही तकनीकी शिक्षा मंत्रालय का दायित्व संभाल रहे हैं और उनकी नाक के नीचे दोहरी नीतियां अमल में हैं।

यही नहीं 28 मार्च 2012 को सरकार ने लोक सेवा आयोग के माध्यम से 198 तकनीकी प्रवक्ताओं के पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञप्ति निकाली थी, जिसमें निर्धारित आयुसीमा से अधिक होने की वजह से कई संविदा शिक्षक इस चयन प्रक्रिया में शामिल होने से रह गये। खास तो यह है कि इस चयन प्रक्रिया में आयोग ने कार्यरत संविदा शिक्षकों को आयुसीमा में छूट भी नहीं दी थी।

उल्लेखनीय है कि आयोग की इस मनमानी पर संविदा शिक्षकों ने अपना प्रत्यावेदन सामूहिक तौर पर आयोग को मेला था लेकिन आयोग प्रशासन की सुस्ती के कारण इस प्रत्यावेदन पर अर्सा बीतने के बाद भी कोई निर्णय नहीं हो सका।

इस पर संविदा शिक्षकों ने काबीना मंत्री यशपाल आर्य, सुरेन्द्र सिंह नेगी, मंत्री प्रसाद नैथानी, अमृता रावत, हरीश चन्द्र दुर्गापाल, प्रीतम सिंह और सुरेन्द्र राकेश के दर पर दस्तक देकर समस्या के हल की गुहार लगाई लेकिन कोई हल नहीं निकला, अलबत्ता सभी मंत्रियों ने भरोसे का झुनझुना थमाकर संविदा शिक्षकों को टाल दिया।

इतना जरूर हुआ कि सरकार ने काबीना मंत्री सुरेन्द्र नेगी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित कर मसले पर रिपोर्ट देने की जिम्मेदारी सौंप दी। लेकिन कमेटी लंबा समय बीतने के बावजूद अभी तक मसले पर अपनी रिपोर्अ सूबाई मुखिया को नहीं सौंपी है। इधर समूचे सरकारी तंत्र की इस बेरूखी से फिलहाल पॉलीटेक्नीकों में कार्यरत संविदा शिक्षकों के न तो नियमितिकरण के आसार है और न ही महाविद्यालयों के संविदा शिक्षकों में आक्रोश उपज रहा है जो सड़कों पर कभी भी फूट सकता है।

उपाधियां फूंक, भीख मांगने की तैयारी

देहरादून। इधर पालीटेक्नीकों के कार्यरत संविदा शिक्षको ने सरकार की बेरूखी के खिलाफ अपनी उपाधियां फूंक कर सड़कों पर भीख मांग कर विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। यह जानकारी दून राजकीय पालीटेक्नीक में कार्यरत संविदा शिक्षक पंकज सैलानी अनूप सिंह व संविदा देवरानी ने संयुक्त बयान में दी।

संक्षिप्त समाचार

बच्चों ने दी मनोहारी प्रस्तुतियां

देहरादून। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में राजधानी के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा श्रीकृष्ण-राधा और गोपियों की वेशभूषा में मनोहारी प्रस्तुति दी गई। बंजारावाला स्थित मैक्स इंटरनेशनल स्कूल में नन्हे-मुन्हे बच्चों ने अनेक रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। अपनी प्रस्तुतियों के जरिए बच्चों ने लोगों का मन मोह लिया। स्कूल में मटका फोड़ नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। बालक श्रीकृष्ण और बालिकाएं राधा व गोपियों की वेशभूषा में आई हुई थीं। स्कूल की प्रधानाचार्य ने बच्चों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व किस प्रकार से मनाया जाता है।

विशेष कीर्तन समागम 12 को

देहरादून। गुरमत सत्संग सभा का विशेष कीर्तन समागम कार्यक्रम 12 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। गुरमत सत्संग सभा के प्रवक्ता ने बताया कि साढ़े दस से साढ़े ग्यारह बजे तक भाई हरविंदर पाल सिंह लिटिल द्वारा गुरुद्वारा कलगीधर सेवक सभा रेस्ट कैंप देहरादून में कीर्तन की प्रस्तुति दी जाएगी। उसके पश्चात रात्रि आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक उनके द्वारा गुरुद्वारा नानक सत्संग लूनिया मोहल्ला में कीर्तन किए जाएंगे।

धेराव किया

ऋषिकेश। शांति प्रपन्न शर्मा राजकीय चिकित्सालय में हो रही अनिमितताओं को लेकर युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का घेराव किया। आज युवक कांग्रेस कार्यकर्ता राजकीय चिकित्सालय पहुंचे। वहां उन्होंने चिकित्सालय में अनियमितताएं किए जाने और रोगियों को अपेक्षित सुविधाएं न देने का आरोप लगाते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एसके अग्रवाल का घेराव किया। उन्होंने कहा कि राजकीय चिकित्सालय में विशेषज्ञों के कई पद रिक्त पड़ें हुए हैं। जिससे रोगियों को अपेक्षित चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने चिकित्सालय में रोगियों को निरूशुल्क दवाई न मिलने और उन्हें बाहर से दवाई लिखने का आरोप भी लगाया। इसके अलावा चिकित्सालय की अन्य समस्याओं का निराकरण न होने पर भी रोष जताया गया।

हाथियों की आमद रोकने को प्रदर्शन

ऋषिकेश। आबादी वाले क्षेत्रों में हाथियों की आमद को रोकन के लिए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत खदरी खड़कमाफी की प्रधान सुनीता रावत की अगुवाई में ग्रामीण वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और हाथियों की आमद रोकने की मांग की। रावत ने कहा कि खदरी माफी के अंतर्गत विनोद बिहार कालोनी, बलजीत फार्म, चोपड़ा फार्म, दिल्ली फार्म, मंमगाई फार्म, गुलजार फार्म में विगत कई दिनों से हाथियों की आमद से ग्रामीण दहशत में हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी
द्वारा पेज थ्री प्रेस,जाखन जोहड़ी रोड,
पो.ओ. राजपुर, देहरादून से मुद्रित व प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं0-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@yahoo.co.in
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN/2005/15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।